अब बिहार में होगी फिल्म, एक्टिंग की पढ़ाई

चर्चा में क्यों?

24 फरवरी, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार में अब फिल्म, एक्टिंग से लेकर प्रोडक्शन तक की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। इसके लिये भारत के सर्वश्रेष्ट फिल्म एक्टिंग स्कूल से करार किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया बिहार के युवाओं को एक्टिंग, डायरेक्शन, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग साउंड रिकॉर्डिंग, साउंड डिजाइन, आर्ट डायरेक्शन, प्रोडक्शन डिजाइन, एक्टिंग, डांसिंग के साथ साथ फिल्म से जुड़े अन्य ट्रेनिंग का कोर्स चलाएगा।
- इसके लिये आर्यभट्ट यूनिवर्सिटी, बिहार फिल्म विकास निगम और पुणे एफटीआईआई के बीच अप्रैल माह में समझौता होने की उम्मीद है।
- कला-संस्कृति विभाग के अधिकारी के अनुसार बिहार में फिल्म मेकिंग के कई कोर्स शुरू किये जाएंगे। जहाँ एक कोर्स में करीब 40 सीट हो सकती है, लेकिन अभी सीटों की संख्या तय नहीं है। यह घट-बढ़ सकती है।
- उन्होंने बताया कि पहले स्टूडेंट यह तय करेंगे कि वे कौन से कोर्स करना चाहते हैं। उसी के मुताबिक एडमिशन किया जाएगा। यहाँ ट्रेनिंग लेने वाले लोगों को बिहार में बनने वाली फिल्मों में काम करने के लिये पहले मौका मिलेगा।
- अधिकारी ने बताया कि करार होने के बाद आर्यभट्ट यूनिवर्सिटी की ओर से फिल्म निर्माण से संबंधित कोर्स की ट्रेनिंग देने के लिये पुणे और मुंबई के नामी टीचर्स और कलाकार बिहार आएंगे, विशेष रूप से बिहार के नामी कलाकारों को प्रशिक्षण शिविर और सेमिनार में बुलाया जाएगा।
- इसमें प्रकाश झा, शत्रुघ्न सिन्हा, पंकज त्रिपाठी, मनोज वाजपेयी, नीतू चंद्रा आदि के साथ अन्य कलाकारों की लिस्ट भी तैयार की जा रही है।
- उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार बहुत जल्द अपनी फिल्म पॉलिसी लांच करने वाली है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/now-film,-acting-studies-will-be-done-in-bihar